उन्हेल में भाजपा मंडल का योगाभ्यास कार्यक्रम

▶ चुनिंदा पदाधिकारी पहुंचे, कर्मचारियों ने बढ़ाई रौनक

उन्हेल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उन्हेल मंडल ने नए बस स्टैंड परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक चेतन टेलर ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए तथा योग के महत्व की जानकारी दी।

हालांकि कार्यक्रम की एक रोचक बात यह रही कि भाजपा द्वारा आयोजित इस योग कार्यक्रम में पार्टी के चुनिंदा पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही नजर आए। मंडल अध्यक्ष, दो महामंत्री सहित चार-पांच प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जबकि नगर परिषद से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कुछ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिखाई दी अधिकांश भीड़ नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की बताई गई। जिनकी उपस्थिति से आयोजन स्थल पर अच्छी संख्या नजर आई। उपस्थित लोगों में नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, मंगेश वर्मा, दिलीप मोदी, बाबूलाल खमोरिया, भाजपा मंडल महामंत्री तेजूलाल जटिया, रामेश्वर आंजना, नंदकिशोर नंदेड़ा, मनोज मोदी, विकास जायसवाल, नागेश माली, चंद्रलाल चौहान, गोविंद नंदेड़ा, अर्पित मोदी, कैलाश मोडावत, मुकेश गांधी, मयूर जैन पवन पोरवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों के बीच कार्यक्रम को लेकर चर्चा का विषय यह भी रहा कि भाजपा के इस आयोजन में पार्टी कार्यकर्ताओं की अपेक्षाकृत कम उपस्थिति रही। जबकि नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बावजूद योग दिवस का संदेश लोगों तक पहुंचाने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा होता दिखाई दिया।

नियमित योग व्यक्ति को रखता है स्वस्थ

महिदपुर। शासकीय उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णाबाई, शिवनारायण सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में मनाया।

अपने उद्बोधन में योग के महत्व और योग से व्यक्ति हमेशा गंभीर बीमारी से भी निजात पा सकता है। नियमित योग ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। इसके बारे में विस्तार से उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को बताया। कार्यक्रम में योग नोडल अधिकारी उज्जवला, डॉ. अमित, प्रोफेसर प्रभाकर मिश्र, गिरधारी लाल उथरा,योग शिक्षक राधेश्याम कुमावत, शैलेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर चौधरी, पत्रकार विजय चौधरी आदि उपस्थित थे। योग कार्यक्रम पल, प्रतिपल प्रात: 6 बजे से 7.50 तक शासन के निर्देश अनुसार संपन्न हुआ। उसके पश्चात समस्त जनप्रतिनिधि, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं को दूध बिस्किट का वितरण किया गया। अंत में आभार प्राचार्य किशोर कुमार परमार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कमलकर शिक्षक ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ, संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र, छात्राएं उपस्थित थी।

एक नजर में

घट्टिया के कॉलेज मनाया में योग दिवस

घट्टिया। स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. श्वेता भल्ला ने विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया। जिसमें विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका गुप्ता, सुनील गुजराती, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. ज्योति दातिर, श्याम रावत, सरवन मालवीय एवं मनीष बैरागी सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

बैठक में बनी स्थापना दिवस की रूपरेखा

महिदपुर। अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महिदपुर सिटी की बैठक 21 जून चमत्कारी हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। आगामी कार्यक्रम 24 जून स्थापना दिवस कार्यक्रम की योजनाएं को लेकर चर्चा हुई। बैठक में संजय यादव, घनश्याम प्रजापत, सुल्तान सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान उपस्थित थे। संगठन विस्तार हनुमान चालीसा केंद्र समिति 24 जून से 5 जुलाई तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थापना दिवस पर कार्यक्रम तय हुआ। आशीष तिवारी को राष्ट्रीय बजरंगदल तहसील उपाध्यक्ष व विकास मालवीय को वार्ड क्रमांक 1 अध्यक्ष बनाया गया।

महेश नवमी महोत्सव का भव्य शुभारंभ

तराना। माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आज विधिवत दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही तथा भगवान महेश की आराधना के साथ आयोजन का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदारमल डोडिया एवं शरद काकाणी रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर आयोजन का शुभारंभ किया तथा समाज की एकता, संस्कृति और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बलराम जाजू, राजेश डोडिया, दिलीप डोडिया, संजय बल्दवा, मुकेश लाठी, नवनीत काबरा, अंकित डोडिया, अंकित पलोड, संजय जाजू, गौरव काकाणी, अमित लोया एवं राकेश लाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने महेश नवमी के महत्व पर प्रकाश डाला। आगामी तीन दिनों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के शुभारंभ पर समाजजनों में विशेष उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

शब्बीर कनवास वाला ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

खाचरौद। नगर के होनहार विद्यार्थी शब्बीर बोहरा पिता अली असगर बोहरा कनवास वाला ने सी ए की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की। शब्बीर के द्वारा उपरोक्त अंतिम परीक्षा हेतु रतलाम सेंटर चुना गया था। जिसमें अनेक विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा दी गई। रतलाम सेंटर में शब्बीर के द्वारा पांचवी रैंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज व नगर का मान बढ़ाया है। शब्बीर ने बताया कि उन्होंने इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ लंबे समय तक तैयारी के साथ प्रतिदिन 17 से 18 घंटे तक पढ़ाई करते थे। उन्होंने इंदौर में रहकर प्रथम इंटर्नशिप तक की पढ़ाई नाहटा अकादमी में कर विभिन्न स्तरों पढ़ाई कर शेष पढ़ाई खाचरोद में रह कर की। ईष्ट मित्रों तथा समाज ने उन्हें बधाई दी उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों माता-पिता व परिवार को दिया है।

गौसेवा कर किया, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनीं कानन जैन का सम्मान

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व महेंद्र कुमार नाहर के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को तिलकेश्वर गौशाला में सेवा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जीवनदीप परिवार व महिला विंग द्वारा नाहर का स्वागत करने के साथ ही समाज की प्रतिभाशाली बेटी कुमारी कानन जैन के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नारायण यादव, अशोक कोठारी, अशोक जैन मुन्ना सरकार, प्रदीप पीपाड़ा, रजत मेहता सहित जीवनदीप महिला विंग की सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौरक्षा का संकल्प लिया। आयोजन में नारायण यादव ने महेंद्र नाहर का सम्मान किया। वहीं कुमारी कानन जैन की उपलब्धि को समाज के लिए गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने महेंद्र नाहर के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजसेवा और मानव कल्याण को समर्पित किया है। उनके मार्गदर्शन में जीवनदीप परिवार वर्षों से नि:शुल्क चिकित्सा सहायता, रक्तदान, उपकरण व एम्बुलेंस सेवा और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर रहा है।

स्वास्थ्य शिविर के साथ तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव शुरू

उज्जैन। महेश नवमी पर्व के तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भगवान महेश के पूजन-अर्चन और विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के साथ हुआ। शेलबी अस्पताल इंदौर और विभिन्न माहेश्वरी संगठनों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 300 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीए व टैक्स कंसल्टेंट संदीप गुप्ता और वल्लभ वैष्णव मंडल के अध्यक्ष निरंजन हेड़ा उपस्थित थे। अध्यक्षता श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी ने की। इस दौरान संदीप गुप्ता ने महेश नवमी पर्व पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए पांच हजार रुपये के प्रायोजन की घोषणा की। वहीं, महोत्सव के मुख्य संयोजक मनोज बियाणी ने सुदामा नगर पानी की टंकी के सामने स्थित अपने मेडिकल स्टोर फेयर डील मेडिकोज से माहेश्वरी समाज के परिवारों को दवाइयों की खरीदी पर 20 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं व परामर्श: शेलबी अस्पताल इंदौर, जिला माहेश्वरी महिला संगठन, श्री माहेश्वरी सभा, श्री माहेश्वरी समाज और मारवाड़ी महिला मंडल के सौजन्य से यह नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें अस्थि रोग के 70, आंखों के 60, जनरल सर्जरी के 10, कैंसर के 5, न्यूरो के 25 और 130 सामान्य मरीजों सहित कुल 300 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष सेठ, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमित माहेश्वरी, सर्जन डॉ. मुफज्जल रस्सीवाला, डॉ. इशिता गांगुली, डॉ. रिद्धिमा ओझा, डॉ. जयश्री फाल्के और डॉ. आजाद चौबे ने सेवाएं दीं। डॉ. आशीष सेठ ने घुटनों की समस्याओं और डॉ. रिद्धिमा ओझा ने कैंसर से बचाव की सावधानियों पर प्रकाश डाला। श्री माहेश्वरी सभा अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी ने कार्यक्रम की और जिला माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष मनीषा राठी ने उपचार शिविर की जानकारी दी। संचालन वीरेंद्र कुमार गट्टानी ने किया व आभार मनोज बियाणी ने माना।

सारी दुनिया एक परिवार पर केंद्रित अभिव्यक्ति काव्य प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

नागदा। नगर की साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति विचार मंच तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद् नागदा इकाई द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके परिणाम निर्णायक मंडल ने रविवार को घोषित कर दिए गए। मंच अध्यक्ष प्रफुल्ल शुक्ला एवं साहित्य परिषद् अध्यक्ष अशोक शर्मा मृदुल ने बताया कि इस वर्ष उज्जैन संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता का विषय 'वसुधैव कुटुंबकम् - सारी दुनिया एक परिवार' निर्धारित किया गया था। उक्त विषय 'वसुधैव कुटुंबकम् - सारी दुनिया एक परिवार' पर काव्य लेखन प्रतियोगिता में प्रथम नीमच के चिराग जैन चैतन्य रहे। दूसरा स्थान लसूड़िया खेमा के एस एन उपाध्याय बना ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर बड़नगर के अभय वेद ने रहे। विशेष भागीदारी पुरस्कार के लिए तराना के जगमोहन सहज, बड़नगर के हीरालाल सत्संगी, चिरौला के सुभाष सेन, उज्जैन की कल्पना तिवारी तथा वंदना दातवानी की प्रविष्टि का चयन किया गया है।

प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए बिरियाखेड़ी के भूपेंद्र सिंह पंवार, रत्याखेड़ी के योगेंद्र सिंह डोडिया के अलावा नागदा के संजना पोरवाल, संदीप श्रीवास्तव, पिंकी मनोज पोरवाल, चाहत जैन, कृष्णचंद्र पुरोहित, प्रीति कांठेड़, गगनदीप बर्मी, राजकुमारी परमार और अन्य को चुना।

व्यक्ति के जीवन में गुरु भक्ति होना जरूरी

उन्हेल। गुरुजी हमारो अन्तनाद हमने आपो आशीर्वाद जैसे उद्घोष के साथ डेढ़ वर्ष बाद रविवार को जब आचार्य भगवन्त ने अपने 14 साधु साध्वी मंडल के साथ वीरमणी द्वार से प्रात: 8 बजे नगर प्रवेश किया। तो सेकडों जैन समाज के स्त्री पुरुष एवं बच्चों ने अपार उत्साह के साथ उनका अभिवादन किया। पश्चात बैंडबाजों तथा ढोल ढमाकों के साथ शोभायात्रा वरघोडे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रेमसूरिश्वर आराधना भवन पहुंचा, जहां धर्मसभा हुई।

आचार्य भगवंत पदम् भूषण पन्यासप्रवर ऋषभ रत्न विजय ने सूरिश्वर आराधना भवन में धर्मसभा को जीवन जीने के सूत्र बताते हुये कहा कि जीवन-की इच्छा भौतिक नहीं अपितु आध्यामिक होनी चाहिये। भौतिक इच्छा क्षणिक सुख देती है जबकि आध्यात्मिक भाव जीवन में शांति एवं आनंद भर देते है। व्यक्ति के जीवन में गुरु भक्ति होना चाहिये। जिसके जीवन में गुरु होता है। उसके जीवन में ही अंधकार मिटता है। जीवन में परमात्मा की भक्ति होना चाहिए तभी आत्मा का कल्याण होगा।

डेढ़ वर्ष पूर्व नगर की आशीष चौधरी की दो बेटियो ने आचार्य पद्मभूषण से दीक्षा प्राप्त कर साध्वी जीवन अंगीकार किया। उनका भी नगर आगमन हुआ। इस वर्ष नगर में चार साध्वी भगवन्त का चार्तुमास होगा। इस वर्षावास मे समाज जनों से ज्यादा से ज्यादा धर्म आराधना करने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड के चेयरमेन ओम जैन का श्रीसंघ अध्यक्ष सतीश मारू, ओम जैन, पारसमल जैन, अजित जैन, सुशील जैन, राजेंद्र सर्राफ, मिश्रीलाल जैन आदि ने शाल श्रीफल तिलक तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया।

आरोपी की सहायता करने वाले को भोपाल से पकड़ा

महिदपुर। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करणदीप सिह, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर द्वारा टीम गठित कर पीड़िता का अपहरण करने व उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपी कमल की सहायता करने वाले आरोपी लखन उर्फ राजू जो घटना दिनांक से 2 महीने से फरार था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज। घटना का सक्षिप्त विवरण को आरोपी कमल पिता मांगू निवासी आक्याधागा का नाबालिग पीड़िता को उसके घर से बहला फुसला कर भगा कर अपने साथ भोपाल ले गया। जहां पर आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया। इसी दौरान विवेचना अपहर्ता व आरोपी की तलाश कर अपहर्ता को आरोपी कमल पिता मांगू निवासी आक्याधागा के कब्जे से भोपाल से दस्तयाब किया। प्रकरण में अपहर्ता के कथनों के आधार पर धारा में ईजाफा किया गया। आरोपी लखन उर्फ राजू पिता लालजीराम जाति मोगिया उम्र 22 साल निवासी मुगलखेडी थाना कुरावर जिला राजगढ़ हाल मुकाम लालघाटी ग्राम बरेला जिला भोपाल ने मुल आरोपी कमल व पीड़िता को उसके घर पर रहने लिये जगह दी। आरोपी लखन को गिरफ्तार कर न्यायालय महिदपुर पेश कर आरोपी का जैल वारण्ट बनने पर आरोपी लखन को उपजैल महिदपुर में निरुद्ध कराया गया।

उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना महिदपुर पुलिस टीम निरीक्षक अशोक पाटीदार, उपनिरीक्षक एमएस चौहान, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र प्रतापसिह, नारायणसिंह, महिला आर दुर्गा, लेखराज, चन्द्रभानसिंह गुर्जर, समरथ पाटीदार, नारायण, सैनिक महेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

स्वस्थ आयु के लिए योग, जगोटी में आयोजित योग शिविर

घट्टिया। मप्र शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय जगोटी द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक के मार्गदर्शन में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही, जिसके अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रिया पान्टेल ने योग को स्वस्थ, सक्रिय एवं दीर्घायु जीवन का आधार बताते हुए जनसामान्य को नियमित योगाभ्यास हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षक श्री सुमित शर्मा द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. टीना सेंगर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में सरपंच राहुल मुकाती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका भारती सक्सेना, आशा बैरागी, शंकरलाल यादव, उपस्थित शिक्षकों, विमला पाल, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों द्वारा योग किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

श्री बद्रीविशाल मंदिर धर्मशाला में लिफ्ट का हुआ शुभारम्भ

नागदा। श्री बद्रीविशाल मंदिर में रविवार को सुबह पोरवाल समाज द्वारा बद्रीविशाल मंदिर धर्मशाला क्रमांक 2 में मांगलिक कार्यक्रम एवं अन्य उत्सव में आने-जाने हेतु 20 व्यक्तियों की सुविधा वाली लिफ्ट का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम समाजजनो ने भगवान श्रीगणेश की पुजा अर्चना की तत्पश्चात् समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल एवं मंदिर समिति के सदस्यो ने फीता काटकर लिफ्ट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कैलाश सेठिया, नन्दकिशोर पोरवाल, सुरेन्द्र पोरवाल, अशोक पोरवाल, बद्रीलाल पोरवाल, जगदीश पोरवाल, देवेन्द्र सेठिया, बाबुलाल धनोतिया, अनिल पोरवाल, कमल पोरवाल, दिलीप मेहता, विजय पोरवाल, नागुलाल पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या, जगदीश मजावदिया, कैलाश खजूरीवाला, गोपाल पोरवाल, गोरधनलाल पोरवाल, कांतिलाल पोरवाल, ओमप्रकाश पोरवाल, जगदीश बडावदा, रमेश पोरवाल, प्रेम पोरवाल, दिनेश वेद गुड्डा, भगवानलाल पोरवाल, योगेश पोरवाल, योगेन्द्र पोरवाल, राकेश अभिनव, आशीष पोरवाल, सुभाष

माहेश्वरी समाज द्वारा उज्जैन जिला स्तरीय मेद्यावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

नागदा। माहेश्वरी समाज नागदा के तत्वावधान में समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी महोत्सव 2026 के अंतर्गत उज्जैन जिला स्तरीय मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन स्नेहकुंज गार्डन में किया गया। समारोह में उज्जैन जिले के विभिन्न नगरों से आए प्रतिभाशाली एवं मेद्यावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोविंद काकाणी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्णिमा सिंघी, देवास माहेश्वरी समाज जिलाध्यक्ष कैलाश डागा एवं उज्जैन जिला माहेश्वरी सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिदपुर सिटी के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश राठी ने की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेद्यावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज की गौरवशाली परंपरा है, जो नई पीढ़ी को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

यह थे उपस्थित

घनश्याम राठी, प्रतीक गगरानी, बंसीलाल राठी, देवकरण डांगरा, जगदीशचंद्र भूतड़ा, नरेन्द्र राठी, प्रदीप राठी, राजेन्द्र मालपानी, मनोज राठी, सुभाष गगरानी, प्रशांत राठी, उज्जैन माहेश्वरी महिला संगठन की निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीमा मालपानी, वर्षा झंवर, अंजू आगीवाल, प्रियंका राठी, उर्मिला डांगरा, सीमा राठी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन माहेश्वरी महिला मंडल की निक्की राठी एवं मोनिका लड्ढा ने किया। माहेश्वरी समाज नागदा के सचिव प्रतीक गगरानी ने सभी अतिथियों, सम्मानित विद्यार्थियों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार माना।

एक नजर ▶ मालवा दर्पण फाउंडेशन का आयोजन, 100 से अधिक बच्चों ने लिया भाग, उत्कृष्ट

ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्राम हरसोदन स्थित तक्षिंदा पब्लिक स्कूल में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए बहुविकल्पीय सामान्य ज्ञान परीक्षा और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित 50 प्रश्नों की इस परीक्षा में आसपास के गांवों के 100 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में जय अमला स्कूल हरसोदन की छात्रा ऋषिका पाटीदार ने प्रथम, तरुण पाटीदार ने द्वितीय तथा तनिषा शक्तावत एवं प्रांजल पाटीदार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा विजेताओं को क्रमश: 1000, 500 और 300 रुपए नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ 10 परीक्षार्थियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में हरसोदन के सुमित चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित को 500 रुपये नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को योग और अनुशासन का महत्व बताया। विशेष अतिथि सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन के श्री अर्पित शर्मा ने सिविल एवं डिफेंस परीक्षा की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सोलंकी ने घोषणा की कि आगामी समय में फाउंडेशन से जुड़े जो भी बच्चे 10वीं, 12वीं की परीक्षा सहित खेल व संस्कृति के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनमें से प्रथम 10 विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। सोलंकी ने बताया कि संस्था लगातार चार वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में सेमिनार व टूर्नामेंट आयोजित कर रही है। इससे लाभान्वित होकर कई विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं और प्रशासनिक सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन में तक्षिंदा पब्लिक स्कूल हरसोदन का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान मालवा दर्पण फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

दिव्यांगजन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन में न्यायपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ मारू

नागदा जं। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, जबलपुर द्वारा दिव्यांगजन अधिकारों एवं समावेशी न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को दिव्यांगजन से संबंधित विषयों पर संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से जिला न्यायाधीश, विशेष लोक अभियोजक, अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित थे। स्नेह के विनयराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, अध्यक्षता मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक उमेश पाण्डव, विशेष अतिथि मध्यप्रदेश राज्य दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया तथा न्यायिक अकादमी के अतिरिक्त निदेशक सचिन शर्मा उपस्थित थे। प्रेजेंटेशन से डॉ मारू ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक एवं मानवाधिकारों का विषय है। उन्होंने न्याय पालिका की संवेदनशील एवं सक्रिय भूमिका पर बल देते हुए कहा कि न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना प्रत्येक न्यायिक अधिकारी का दायित्व है।